Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to set up an Agriculture University in Gorakhpur, Uttar Pradesh.

श्री रवि किशन (गोरखपुर): गोरखपुर उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल का सबसे बड़ा महानगर है । यह उत्तर प्रदेश के आदरणीय मुख्यमंत्री पूज्य महाराजजी श्री योगी आदित्यनाथ जी की कर्मस्थली भी है । गोरखपुर शिक्षा ,व्यापार और पर्यटन का एक बड़ा केंद्र है । पूर्वांचल और बिहार के लगभग 20 ज़िले अपने विभिन्न ज़रूरतों के लिए गोरखपुर पर निर्भर है । यहाँ रेलवे का बहुत बड़ा नेटवर्क है । गोरखपुर और आस पास के ज़िलों की भूमि काफ़ी उर्वर है । यहाँ कृषि की अपार संभावनाएं हैं लेकिन गोरखपुर और आस पास के किसी भी ज़िले में एक भी कृषि विश्वविद्यालय नहीं है जिससे कि यहाँ के किसानों को उचित मार्गदर्शन नहीं मिल पाता और वे अपने भूमि की उर्वरता का समुचित लाभ नहीं ले पाते हैं । गोरखपुर और इसके आस पास के जो छात्र कृषि स्नातक या स्नातकोत्तर की उपाधि प्राप्त कर करना चाहते हैं उन्हें काफ़ी दूर जाना पड़ता है । समाज के आर्थिक रूप से कमज़ोर , दलित और वंचित वर्ग के छात्र संसाधनों की कमी के कारण अपने सपने को अधूरा छोड़ देते हैं । गोरखपुर में एक केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय की स्थापना हो जाने से यहाँ के छात्र - छात्राओं को कृषि में अध्ययन करने का अवसर प्राप्त होगा और इसके साथ ही गोरखपुर और आस पास के ज़िलों के किसानों को गुणवत्तायुक्त कृषि करने में भी पर्याप्त सहायता मिलेगी जिससे इस क्षेत्र का चहुंमुखी विकास होगा । कृषि विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए जो भी सहायता चाहिए उसे राज्य सरकार उपलब्ध कराने के लिए तत्पर है । अतः मैं केंद्र सरकार से अनुरोध करता हूँ कि गोरखपुर में केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय की स्थापना करने की दिशा में तत्काल निर्णय लेकर इस क्षेत्र के भविष्य को सँवारने में महत्वपूर्ण योगदान देने की कृपा करे ।